डीआर भोपाल

भोपाल, वैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया कार्तिक कृष्ण पक्ष,06- 2083

भोपाल,दिन शनिवार,दिनांक 31 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

बरखेड़ा और औबेदुल्लागंज रेलखंड का समपार फाटक 2 की रात 8 बजे तक बंद

भोपाल। भोपाल रेल मंडल के बरखेड़ा–आबेदुल्लागंज रेलखंड पर स्थित समपार फाटक उमरीख 23अगरी को 2 नवंबर की रात 8 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रखा जाएगा।

रेलवे ने बताया कि फाटक क्षेत्र में पीडब्लूआईएस मशीन से ट्रैक मशीनीकरण का कार्य चल रहा है। इसलिए, सुरक्षा कारणों से सड़क पर आवागमन रोकर गया है। यह प्रतिबंध 26 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से लागू है। वह अवधि में इस मार्ग से गुजरने वाले सहन यात्रियों को फाटक से आवाजाही की सुविधा नहीं मिलेगी। रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले मार्ग की स्थिति देख लें। वे वैकल्पिक उपाय अपनाएं।

आदीप लगाने वाली रश्मि भाटिया का यू–टर्न

भोपाल।बीजेपी मंडी और अलीराजपुर विधायक नागर सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाने वाली रश्मि भाटिया ने अपने बयान से यू–टर्न ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर नया वीडियो जारी कर सफाई दी कि पहले दायरत हुआ वीडियो और सुरक्षामंडी जी. मंडल यादव ने लिखा पत्र उन्होंने ही तैयार किया था, लेकिन उस समय वह मानसिक तनाव और डराहेशन में थीं। रश्मि ने कहा कि उनका नागर सिंह चौहान और उनके परिवार को बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। मंडी के साथ उनके सामान्य और अच्छे संबंध हैं। उनकी पत्नी अनीता चौहान से भी अभी रिश्ते हैं और दोनों परिवारों के बीच पुराना भरोसा है।

फार्मासिस्टों की मांगों को लेकर 2 नवंबर को बैठक

भोपाल।मप्र के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर दो नवंबर को चर्चा होगी। एक मुख्यमंत्री एवं लोक – स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ सोनेंद्र शुक्ला ने मंत्रालय मलयद्र साप (मंत्रालएस) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें पेंशनर्स, पदनाम, पदोन्नति और नई सेवा शर्तों संबंधित अन्य मांगों पर चर्चा होगी।

9वीं से 12वीं के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग

भोपाल। सेवा भारती मध्य भारत प्रांत ने ईवनगर जिला स्थित सांदीपनी नगर के सेवा भारती योग केंद्र में निशुल्क कोचिंग शुरू की है। यहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को सैद्धांतिक सहायता और मार्गदर्शन दिया जाएगा। शुभारंभ अखिल भारतीय सेवा प्रमुख सोशिल कुमार, प्रांत प्रमुख विक्रम सिंह और महानगर अध्यक्ष जितेन्द्रपाल सिंह ने किया।

कर्मचारियों का डीए 60 प्रतिशत, पेंशनर्स की महंगाई राहत में भी वृद्धि

साढ़े सात लाख कर्मचारियों और साढ़े चार लाख पेंशनर्स को मिलेगा लाभ, नौ माह का एरियर तीन समान किस्तों में दिया

मप्र के करीब साढ़े आठ लाख शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को दीपावली से पहले सौगात



सोवानियत और दिवंगत कर्मचारियों को एकमुश्त एरियर

सरकार ने उन कर्मचारियों के लिए भी प्रोत्साहन व्यवस्था की है, जो 1 जनवरी से 30 सितंबर 2026 के बीच सेवानिवृत्त हो चुके हैं या जिनका निधन हो गया है। ऐसे कर्मचारियों की बकाया एरियर राशि का भुगतान उनकी बकाया उनके नामांकित सदस्य को एकमुश्त किया जाएगा।

आदेश में डीए की गणना को लेकर भी स्पष्टता दी गई है। इसके अनुसार 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूर्ण रुपये में शामिल किया जाएगा, जबकि 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा।

सरकार पर 1200 करोड़ का अतिरिक्त बार

डीए और डीआर में बढ़ोतरी के फैसले से राज्य सरकार के खजाने पर सालाना करीब 1200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आने का अनुमान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राज्य सरकार कर्मचारियों, अधिकारियों और पेंशनर्स के हितों का हमेशा ध्यान रखती है और उनके सहयोग से ही प्रदेश का विकास संभव है।

"वेतन में 310 से 3000 रुपए तक की वृद्धि"

महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से कर्मचारियों के वेतन में उनके वेतनस्तर और मूल वेतन के अनुसार अंतर आएगा। उदाहरण विवरण के अनुसार लिपिक श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए अधिकतम 310 से 3200 रुपए तक का अतिरिक्त लाभ मिल सकता है।

- ग्रुप डी के कर्मचारियों को करीब 2962 से 3000 रुपए तक
- द्वितीय श्रेणी के कर्मचारियों को करीब 1365 से 1800 रुपए तक
- तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को करीब 300 से 1200 रुपए तक
- सहायक श्रेणी के कर्मचारियों को करीब 540 से 900 रुपए तक।

पेंशनर्स की महंगाई राहत में भी बढ़ोतरी

राज्य सरकार ने सातवें वेतनमान के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स की महंगाई राहत 58 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। यही छठे वेतनमान के पेंशनर्स की महंगाई राहत 257 प्रतिशत से बढ़कर 262 प्रतिशत की गई है। यह वृद्धि जुलाई 2026 से लागू होगी। इससे प्रदेश के करीब साढ़े चार लाख पेंशनर्स को लाभ मिलेगा।

बढ़ोतरी से जुड़ी प्रमुख बातें

- में वृद्धि राजकीय सेवकों को मंहगाई राहत 58 प्रतिशत से 60 प्रतिशत किया गया है। यह वृद्धि जनवरी 2026 से लागू होगी। एरियर का भुगतान जनवरी से सितंबर 2026 तक की बकाया वाले तीन समान सांतिक किस्तों में दी जाएगी।
- वेतन से लाभार्थियों का वही हुई दर के अनुसार वेतन तय करना लिखना शुरू होगा। पेंशनर्स को डाक्टर पेंशनिंग कर्मचारियों की पहचान सेवा में जुलाई 2026 से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

इस बीच सोमवार को ही कमलनाथ सरकार ने भी अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 50 से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया है। इस प्रकार मध्यप्रदेश के कर्मचारियों का दीए केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में 3 प्रतिशत कम रहेगा।

अंतिम सांस तक जनता की सेवा करता रहूंगा, प्रधानमंत्री मोदी



"बनासकांठा में कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर दिया जवाब, पशुपालन और किसानों की आय बढ़ाने पर भी जोर"

डीआर संवाददाता॥नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा जिले के पिलवाई में कहा कि वे जीवन के अंतिम क्षण तक देश की जनता की सेवा करते रहेंगे। उनका यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हालिया टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को लेकर विवादित बयान दिया था। इस टिप्पणी के बाद सोशलमीडिया पर राजनीतिक तीखी बहस छिड़ गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी भारत बोकइन मैन्युफैक्चरिंग एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दिवंगत पिता हीराबा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कभी किसी सरकार को सलाना करता है, तब कुछ लोग चुप होते हैं। पर्सिएन एजेंसी ने जारी सार्वजनिक नीति खर्च और रोजगार पैदा की उपलब्धता को लेकर भी लोगों में भ्रम और भ्रामक फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, युवा और महिलाएं, विकसित भारत के मिशन में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोग देश की प्रगति नहीं देख पा रहे।

'आयु से सोना बनाने वाले बयान पर तंज'

बनासकांठा के आयु उत्पादन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कल ही किसान पहले ही आयु से ज्यादा कमाई कर रहे हैं। उन्होंने इस टिप्पणी के जरिए लालीम नेता राहुल गांधी के पुराने बयान पर तंज कसा।

- मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए गोबर और कृषि अवशेषों से बायोगैस, ग्रामीण पॉवरनगी और जैविक खाद बनाने के लिए सुनियोजी सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया। — उन्होंने बताया कि अब मुख्य टीकाकरण किया गया है, जिससे पशुओं को बड़ी बचत है और दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है।

प्रधानमंत्री के अनुसार, वर्ष 2013–14 में एक साल का दूध से औसतन पांच लीटर से कम दूध मिलता था, जो अब बढ़कर करीब आठ लीटर हो गया है।

न्यू मार्केट में कार सवार ने बाइक चालक पर तानी पिस्टल

डीआर संवाददाता॥भोपाल

राजधानी के न्यू मार्केट सिग्नल पर जाम और बाइक की टक्कर के बाद विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार चालक ने बाइक सवार पर पिस्टल तानकर उसे गोली मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद टीटी नगर पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

घटना 27 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार



चालक सावार न्यू मार्केट सिग्नल से गुजर रहा था, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार (जिसमें 3 लोग सवार थे) ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस पर बाइक सवार ने गुस्से में कार की खिड़की पर डंडा मार दिया। इसी बात को लेकर कार चालक नीचे उतरा और युवक से विवाद करने लगा।

आरोप है कि विवाद के दौरान कार चालक ने गाली-गलौज करते हुए कमर से पिस्टल निकाली और बाइक सवार पर तान दी। उसने युवक पर गोली मारने का प्रयास बताया और एक गोली मारने की धमकी दी। गनीमत यह रही कि पिस्टल लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

शिकायत के बाद भी दर्ज नहीं हुई थी रिपोर्ट

घटना के बाद बाइक सवार टीटी नगर थाने पहुंचा था, लेकिन शिकायत दर्ज कराने से पहले ही वहां गया। बाद में उसने लिखित शिकायत दी थी, तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

राहुल गांधी पर सीएम मोहन यादव का हमला, बोले– देश की संस्थाओं पर सवाल उठाना गलत

डीआर संवाददाता॥इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि वे देश के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तान से अच्छा दोस्त बनने के लिए बोल रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने को गलती बताया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर लोकतंत्र की अवमानना करने का आरोप भी लगाया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मान में आयोजित सभा को रोबोटिक लगते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनको लोगों की भागीदारी से लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता की एकजुटता दिखाई है। उन्होंने कहा कि देश की चुनी हुई संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान किया जाना चाहिए।

प्रदेशभर में चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इंदौर से शुरू हुआ यह अभियान अब पूरे मध्यप्रदेश में चलाया जाएगा। इसके तहत 2 नवंबर को महानगरीय क्षेत्र और 4 नवंबर को भोपाल में चक्काजाम आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने और अराजकता के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम होंगे।

सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने एयरमिस लोगों को सांविधान, विधि के शासन और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

अष्टाचार के पोस्टर लेकर पहुंचे समाजसेवी पर भड़के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

इंदौर में पदयात्रा के दौरान हुआ विवाद, मंत्री की टिप्पणी के बाद पुलिस ने प्रहलाद पांडे को हिरासत में लिया

डीआर संवाददाता॥इंदौर

भाजपा के लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ अभियान के तहत शुक्रवार को निकाली गई पदयात्रा के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब समाजसेवी प्रहलाद



पांडे कैलाशपुर से जुड़े पोस्टर लेकर पहुंच गए। पोस्टर पर 30 हजार रुपए के बल और 34 हजार लीटर मिलावट का एल्लेख किया गया था।

पोस्टर देखकर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नाराज हो गए। उन्होंने मंच से ही कार्यक्रम स्थल से हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री ने उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह व्यक्ति पहले भी खूने रह चुका है, फिर आ गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पांडे को गाड़ी में बैठाकर वहां से ले जाने को कहा। इसी बीच पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

पांडे को थाने ले जाकर उनसे पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे पिछले 10 साल से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और अब तक 30 से ज्यादा शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। उनके खिलाफ कई मामले भी दर्ज हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें थाने से रिहा कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां का निधन

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां कलावती (76) का शुक्रवार सुबह भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं और पांच दिन से अस्पताल में भर्ती थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को गांव जैत, जिला सीहोर में किया गया। मां के निधन से दुखी शिवराज ने अपनी सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए।

दो लाख रुपए रिश्वत मामले में ब्लैज अधीक्षक की

सीबीआई ने रंगे हाथों किया था गिरफ्तार, कानपुर और भोपाल स्थित आवासों से 72.50 लाख रुपए नकद मिले"

डीआर संवाददाता॥भोपाल

डी लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर (सेवैट) के सिविल विंग के अधीक्षक राजेश कुमार को अदालत ने राहत नहीं मिली है। भोपाल की विशेष अदालत ने उनकी जमानत आवेदन खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश रामकुमार मिश्रा की अदालत ने मामले की गंभीरता और जांच की स्थिति को देखते हुए यह फैसला सुनाया।

सीबीआई के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसका व्यवसाय बंद करने की धमकी दी थी। आरोप है कि उसने दबाव बनाकर उससे 11 लाख रुपए वसूले और बुलंदी मांगों को लाख रुपए प्रतिमाह रिश्वत की मांग की थी। इसी मामले में सीबीआई ने उसे दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

जांच के दौरान आरोपी के कानपुर स्थित स्थायी निवास से 44 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। वहीं भोपाल स्थित घर के स्टोर से 2050 लाख रुपए और बैंकखाते से जब्त लाख रुपए नकद मिले। इस

कार्यक्रम देश और प्रदेश प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्वत्व में आगे बढ़रहा है मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने एलीवेटेड कॉरिडोर की एक भुजा मंडी मे उतारने की घोषणा की

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि देश और प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के खातों में सीधे भेजी जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश सरकार भी अपनी ओर से 6000 रु प्रति वर्ष प्रति किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि दे रही है। इस तरह दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रत्येक किसान को वर्ष में 12 हजार रुपये दिये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में विदेश में प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है। राज्य सरकार ने



किसानों को बिजली, पानी व सड़क आदि सुविधा कराने के साथ किसान सम्मान निधि व लाडली बहन जैसी योजनाएँ लागू कर किसानों एवं महिलाओं को लाभान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दीपक किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त के हस्तांतरण अवसर पर उज्जैन कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में कही।

प्रधानमंत्री ने निशुल्क बिजली से 10680 करोड़ रुपये किसानों के खाते में अंतरित किये

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दीपक किसान निधि सम्मान निधि व लाडली बहन जैसी योजनाएँ लागू कर किसानों एवं महिलाओं को लाभान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के 50 लाख और उज्जैन जिले के 2 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को गुजरात के बनासकांठा जिले के पिलवाई गाँव से योजना की 21वीं किस्त जारी की। देश के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान के खातों में सीधे राशि का अंतरण किया गया।

आगर रोड पर बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर की एक भुजा दूसरे चरण मंडी में उतारेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि आगर मालवा से लेकर के हरि फाटक तक बन रहे एलिवेटेड मार्ग की एक भुजा सिलवानी की मांग पर मंडी में उतारी जाएगी। इससे आगर रोड पर होने वाला जाम समाप्त हो जाएगा और सिलवानी के ट्रैफिकवाहन सीधे मंडी में पहुंच सकेंगे। इस आशय पर उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन आनंदराव, राष्ट्रीय मालवीय, पूर्व विधायक राजेन्द्र पांचाल, राष्ट्रीय मालवीय, पूर्व विधायक राजेन्द्र पांचाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि लोहानी, जगदीश पांचाल, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष श्रीन जैन, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, एडिशनल कलेक्टर गुप्ता, कलेक्टर चैतन्य कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रवीर कुमार नरवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

27 जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट, भोपाल–इंदौर सहित कई जिलों में खिलेगी

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

मौसम उनेंद्र जमावट होने वाला है, लेकिन इसका असर मध्यप्रदेश के मौसम पर भी देखा गया है। प्रदेश में पिछले तीन दिनों से कई इलाकों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भी सतना, रीवा, शहडोल और ग्वालियर सहित कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के 27 जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल और इंदौर सहित कई जिलों में मौसम साफ रहने और धूप खिलने की संभावना है।

इन 27 जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार



ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, मुरैना, भिंड, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मंडला, बैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

इन जिलों में खिल सकती है धूप

भोपाल, सीहोर, सीहोर, राजगढ़ और विदिशा।इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी और खरगोन।उज्जैन, देवास, शाजापुर,नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर।नूपुर, अशोकनगर, सागर, दमोह और नरसिंहपुर सहित अन्य जिले।

2 नवंबर तक बना रहेगा मौसम का उतार–चढ़ाव

मौसम विशेषज्ञ शैलेष कुमार नायक के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजा–जुला असर रहेगा। कहीं तेज धूप निकलेगी तो कहीं आंधी और बारिश हो सकती है। मौसम प्रणाली का प्रभाव दक्षिणी और पूर्वी मध्यप्रदेश में अधिक रहने की संभावना है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष,06- 2083 सीहोर,दिन शनिवार,दिनांक 31 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

लाल परेड ग्राउंड में 1 नवंबर को स्थापना दिवस

सीहोर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 1 नवंबर सोमवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्य स्तर पर होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता के अनुसार इस बार स्थापना दिवस 3 दिवसीय होगा। समारोह सभी जिलों में भी आयोजित होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने आयोजन को लेकर सभी कलेक्टर और कमिश्नर को निर्देश जारी किए हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज

सीहोर। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस दिन राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान का स्मरण करने तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

अधिकार अभिलेखों में नाम की त्रुटियां सुधरेंगी

सीहोर। कलेक्टर बालमुरुक के. ने स्वामित्व योजना के तहत बने अधिकार अभिलेखों में लिपिकीय और लेखन से जुड़ी सूक्ष्म त्रुटियों के सुधार के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के मुताबिक अधिकार अभिलेखों में मुनिधारक के नाम, पिता के नाम जैसी प्रविष्टियों में लिपिकीय त्रुटियों के संशोधन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 113 के तहत अधिकृत किया गया है।

ई-सिगरेट के नुकसान बताए, शपथ दिलाई

सीहोर। युवाओं को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता गतिविधियां हो रही हैं। विशेष जागरूकता सत्र हुआ। जिला तंबाकू नोडल अधिकारी नेहा सिंह ने विद्यार्थियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान बताए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तंबाकू और ई-सिगरेट से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

सुबह की ठंडक से बदला मौसम, दिनभर बादलों ने ढके रखा आसमान

सीहोर। शहर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक महसूस होने लगी है, जिससे शुरुआती सर्दी का अहसास हो रहा है। शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। तापमान करीब 19 से 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अंतिम यात्रा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता काशीबाई का निधन, जैत में हुआ अंतिम संस्कार

सीएम डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

डीआर संवाददाता>सीहोर







केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी श्रीमती काशीबाई का शुक्रवार सुबह भोपाल स्थित एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पैतृक गांव जैत सहित जिले और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शुक्रवार दोपहर पैतृक गांव जैत में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार, श्रीमती काशीबाई पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। वे भोपाल के साकेत नगर स्थित निवास पर रह रही थीं। सांस लेने में परेशानी बढ़ने पर करीब एक सप्ताह पहले उन्हें भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने सभी पूर्व निर्धारित सरकारी और राजनीतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए। उन्हें सुबहवार को रायसेन जिले में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होना था, लेकिन माताजी के निधन की सूचना मिलने के बाद वे सीधे पैतृक गांव जैत के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री सहित कई नेता पहुंचे जैत

अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हेलीकॉप्टर से बुदनी से जैत हेलीपैड पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से जैत पहुंचकर उन्होंने काशीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री रामचंद्र सिंह राजपूत, ने भी अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों ने भी विदगत काशीबाई को अंतिम विदाई दी।

घर में घुसकर परिवार पर हमला, घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

पुलिस ने 48 घंटे के भीतर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर

डीआर संवाददाता>सीहोर



ग्राम लाजौर में घर में घुसकर एक परिवार के साथ मारपीट करने के मामले में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस बढ़ाते हुए सभी छह आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उपजेल भेजा गया भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार घटना 27 अक्टूबर की शाम करीब 8:50 बजे की है। फरियादिया कंचन गाथले ने शिकायत में बताया कि वह अपने पिता रामद्वार गाथले, मां सीताबाई और भाई अरुण के साथ घर पर थी। इसी दौरान गांव के रांगू गाथले, बलराम गाथले, सिदेश गाथले, दुर्गेश गाथले, चिंटू बेलदार और राहुल सिंघल घर में घुस आए। आरोपियों ने विवाद करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। बीच-बचाव के दौरान परिवार के अन्य सदस्यों को भी मोटे आई।गंभीर रूप से घायल रामद्वार को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाकर आरोपियों की तलाश शुरू की।पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्चना जैन और एसडीओपी डैशन जैन के मार्गदर्शन में भैरूंदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रांगू उर्फ रांगेश गाथले (63), बलराम गाथले (27), सिदेश उर्फ रिंकेश गाथले (26), दुर्गेश उर्फ बुलक्का गाथले (20), चिंटू बेलदार (25) और राहुल सिंघल (24), सभी निवासी लाजौर, को गिरफ्तार किया।

कृषि मंडी कार्यालय में निजी इलेक्ट्रिक बाइक चार्ज करता मिला

डीआर संवाददाता>सीहोर



इछावर कृषि उपज मंडी कार्यालय में मुख्यार देर शाम एक कर्मचारी निजी इलेक्ट्रिक बाइक चार्ज करता मिला। कर्मचारी कार्यालय के एक कमरे में लगे बिजली बोर्ड से बाइक की बैटरी चार्ज कर रहा था। सरकारी कार्यालय में निजी वाहन चार्ज करने के मामले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई कि कार्यालय में इस तरह बाइक चार्ज करने से शॉर्ट सर्किट या आग लगने का खतरा हो सकता है। इससे सरकारी दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों को नुकसान पहुंच सकता है।

मामले को लेकर किसानों और नागरिकों ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंडी समिति की ओर से कहा गया है कि नियमों के अनुसार मामले में कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि घटना के समय वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी थी या नहीं।

घरेलू विवाद के चलते 11 केवी बिजली लाइन के खंभे पर चढ़ा व्यक्ति,

बुधवार दोपहर पढ़ियाला गांव में हुआ हादसा, अंधेरा होने पर रोकना पड़ा था रेस्क्यू अभियान

डीआर संवाददाता>इछावर



इछावर तहसील के ग्राम जमोनिया हतेरिया में शुक्रवार शाम घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति 11 केवी बिजली लाइन के खंभे पर चढ़ गया। घटना शाम करीब 5 बजे की है। व्यक्ति को बिजली के खंभे पर चढ़ा देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, व्यक्ति का अपने परिवार में विवाद चल रहा था। इसी विवाद से जुड़ी मांग मनवाने के लिए वह बिजली के खंभे पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया।

हालांकि, व्यक्ति अपनी मांग पर अड़ा रहा और नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। कर्मचारियों को उसे समझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे और किसी अनहोनी की आशंका को लेकर चिंतित नजर आए।

11 केवी बिजली लाइन के खंभे पर चढ़ने से व्यक्ति की जान को गंभीर खतरा था। साथ ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रही। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक हलचल रही।

सीहोर मंडी में सोयाबीन 7,038 और लहसुन 20,502 रुपए क्विंटल, 6,720 रुपए रहा, श्यामपुर में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,995

डीआर संवाददाता>सीहोर



जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में 30 अक्टूबर को सोयाबीन, मक्का, गेहूं सहित अन्य फसलों की आवक दर्ज की गई। सीहोर मुख्य मंडी में कुल 11,545 क्विंटल अनाज की आवक हुई, जबकि फल-सब्जी मंडी में प्याज और लहसुन की कुल आवक 2,159 क्विंटल रही। मुख्य मंडी में पीला सोयाबीन अधिकतम 7,038 रुपए और मॉडल भाव 6,990 रुपए प्रति क्विंटल रहा। धनिया 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

मक्का का अधिकतम भाव 2,690 रुपए और मॉडल भाव 2,630 रुपए रहा। गेहूं लोकवान का अधिकतम भाव 3,550 रुपए, जबकि गेहूं शरबती 6,150 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। चना लाल का अधिकतम भाव 7,295 रुपए और काबुली चना 7,650 रुपए रहा। सरसों का अधिकतम भाव 8,400 रुपए दर्ज किया गया।

"लहसुन 20,502 रुपए तक पहुंचा"

सीहोर फल-सब्जी मंडी में लहसुन की 1,316 क्विंटल आवक हुई। इसका अधिकतम भाव 20,502 रुपए और मॉडल भाव 13 हजार रुपए रहा। प्याज की 873 क्विंटल आवक के साथ अधिकतम भाव 4,600 रुपए और मॉडल भाव 3,995 रुपए दर्ज किया गया।

"श्यामपुर और अहमदपुर में सोयाबीन के भाव"

श्यामपुर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,995 रुपए और मॉडल भाव 6,720 रुपए रहा। अहमदपुर उपमंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,900 रुपए तथा मॉडल भाव 7,350 रुपए दर्ज किया गया। किसानों को सलाह दी गई है कि उपज साफ और सुखाकर मंडी लाएं तथा प्रवेश पर्ची के लिए पहचान पत्र, मोबाइल नंबर और वाहन नंबर साथ रखें।

अहमदपुर के दिए गए आंकड़ों में मॉडल भाव 7,350 रुपए अधिकतम भाव 6,900 रुपए से ज्यादा है।

जनभागीदारी कर्मचारियों ने स्थायी कर्मी योजना बहाल करने की मांग

डीआर संवाददाता>सीहोर



शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत जनभागीदारी कर्मचारियों ने स्थायी कर्मी योजना बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में जनभागीदारी कर्मचारी संघ जिला सीहोर ने उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. अनुपम राजन को ज्ञापन सौंपा।

संघ के अनुसार, वर्ष 2025 में उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर स्थायी कर्मी योजना निरस्त कर दी थी। इसके विरोध में कर्मचारियों ने न्यायालय की शरण ली। संघ ने ग्वालियर न्यायालय में पिटिशन क्रमांक 42396/2025 के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों को पहले से मिल रहे लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। जिला अध्यक्ष रजिया सिद्दीकी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में निरस्त आदेश बहाल कर योजना का लाभ देने की मांग

मक्का और सोयाबीन किसानों के लिए अवकाश के दिन भी खुलेंगी मंडियां

सीहोर। प्रदेश में मक्का और सोयाबीन की बंपर आवक को देखते हुए राज्य सरकार ने अवकाश के दिनों में भी कृषि मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मंडी बोर्ड ने सभी संयुक्त संचालकों को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।मंडियों में अधिक आवक के कारण अवकाश के दिनों में किसानों को उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसे देखते हुए अधिकारियों को अनुविभागीय व्यापारियों के साथ बैठक कर समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

नीलामी आज दीपावली पर आतिशबाजी बाजार की तैयारियां तेज, 840 आवेदन

बीएसआई ग्राउंड की 65 दुकानों की नीलामी आज, पुलिस एनओसी के बाद जारी होंगे 15 दिन के अस्थायी लाइसेंस

डीआर संवाददाता> सीहोर



दीपावली पर्व को देखते हुए शहर सहित जिले में आतिशबाजी बाजार लगाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। पटाखों की दुकानें संचालित करने के लिए जिलेभर से 840 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अकेले शहरी क्षेत्र के 125 से अधिक आवेदन शामिल हैं। दुकानदारों को कलेक्ट्रेट के माध्यम से 15 दिनों की सीमित अवधि के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इस बार भी लाइसेंस की आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई थी। आवेदकों को 500 रुपए का सरकारी चालान जमा कर आवेदन करना अनिवार्य था। अब संबंधित थानों से पुलिस अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के बाद लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पूरी होगी।

इधर, शहर के बीएसआई ग्राउंड पर पटाखा दुकानों के आवंटन के लिए 1 नवंबर को नीलामी आयोजित की जाएगी। नगर पालिका सभागार में दोपहर 12 बजे से होने वाली इस प्रक्रिया में कुल 65 दुकानों की नीलामी होगी। दुकानों के लिए 125 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। नीलामी में शामिल होने वाले दुकानदारों को अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस, पहचान पत्र और 4,500 रुपए की धरोहर राशि जमा करानी होगी। उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदकों को दुकानें आवंटित की जाएंगी। नीलामी की शुरुआत दुकान क्रमांक 1 से 5 और 61 से 65 तक की दुकानों से होगी। इनकी न्यूनतम बोली 15 हजार रुपए निर्धारित की गई है।

सुरक्षा इंतजामों का रखना होगा ध्यान

पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक दुकान पर पानी से भरी बाल्टियां, सूखी रेत और अग्निशमन यंत्र रखना होगा। दुकानों का निर्माण टिन शेड या गैर ज्वलनशील सामग्री से करना होगा तथा दो दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखना अनिवार्य है। बाजार में आपातकालीन आवाजाही के लिए प्रवेश और निकास के रास्ते भी सुनिश्चित करने होंगे।

विद्युत सुरक्षा के तहत खुली वायरिंग प्रतिबंधित रहेगी। केवल सुरक्षित तारों और एलईडी बल्बों का उपयोग किया जा सकेगा। परिसर में धूमपान, माचिस और खुली आग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन वाहन और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी।

राजस्व वसूली से लेकर बिजली आपूर्ति तक कार्यों की हुई समीक्षा

डीआर संवाददाता>सीहोर



वितरण केंद्र अमलाहा, में 30 अक्टूबर को प्रथम संचालक द्वारा विभागीय कार्यों एवं प्राथमिकताओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व वसूली, बकाया राशि, ई-ऑफिस प्रणाली, उपभोक्ता बिल सुधार, सीआरए कार्रवाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में चालू माह एवं लंबित राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने तथा बड़े बकायादारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को अद्यतन बकाया सूची तैयार रखने और लंबे समय से लंबित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।लम्बी पत्रावार एवं फाइलों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली से करने तथा भौतिक फाइल पेंडिंग तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए। वहीं उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने और औसत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों की समीक्षा कर वास्तविक खपत के अनुसार बिलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।इसके अलावा डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विद्युत विच्छेदन एवं वसूली कार्रवाई, वितरण ट्रांसफार्मरों का जीआईएस एवं भौतिक सर्वे, लोड बैलेंसिंग तथा उपभोक्ताओं की टैगिंग समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष,06- 2083 सीहोर, दिन शनिवार,दिनांक 31 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

शाहगंज आईटीआई में आयोजित रैजगार मेले में 44 युवाओं का चयन

सीहोर। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला रैजगार कार्यालय, सीहोर एवं शासकीय आईटीआई शाहगंज के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई शाहगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 04 कंपनियों ने सहभागिता की, जिनके माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक 184 युवक-युवतियों ने भाग लिया।

रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से कुल 44 युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें रैजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी टीम के मैनेजर बने संजय सरसवाल

गैरतगंज। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमलपानी कदीम में कार्यरत संजय सरसवाल को मालवीय रोहिया कबड्डी महासंघ की जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। पटना में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सचिव लक्ष्मीनारायण वैष्णव की अनुशंसा पर उनका चयन हुआ। इस उपलब्धि पर मालवांचल कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। संजय ने जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा से निभाने की बात कही।

पटाखा दुकानों पर अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी रखना अनिवार्य

जावर। दीपावली पर पटाखों की बिक्री और चलाने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में नायब तहसीलदार पटाखा विक्रेताओं को निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें लगाने और अग्निशमन यंत्र, रेत व पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने को कहा गया। तहसीलदार कमल सिंह ने लाइसेंस की शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में थाना प्रभारी श्याम सुंदर सूर्यवंशी, बिजली कंपनी के जेई गणपति सोढाल और नगर परिषद के सुवेर सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

मोबाइल-लैपटॉप पर पति का चेहरा देखकर निभाई करवा चौथ की परंपरा

जावर। नगर सहित क्षेत्र में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शहर को गणेश जी, माता करवा और चंद्रदेव की पूजा के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला। जिन महिलाओं के पति काम के सिलसिले में दूसरे शहरों में थे, उन्होंने मोबाइल और लैपटॉप पर पति का चेहरा देखकर परंपरा निभाई।

बुवाई के बाद किसानों को बारिश का इंतजार

जावर। क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है

शिविर महोड़िया में जनविश्वास अभियान का जिला स्तरीय शिविर आयोजित, मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

शराब दुकान बंद कराने की मांग लेकर मंत्री के पास पहुंची महिला, पति को जेल भेजने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता>सीहोर।



जिले के महोड़िया गांव में शुक्रवार को आयोजित जनविश्वास अभियान के दौरान राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा के सामने एक महिला ने गांव की शराब दुकान बंद कराने की मांग उठाई। महिला ने बताया कि शराब की लत से गांव के कई परिवार परेशान हैं और शराब पीकर पुरुष घरों में महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं।

महिला ने मंत्री से कहा कि शराब ठेके के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। पति शराब खरीदने में कमाई खर्च कर देते हैं और घर में विवाद करते हैं। इस पर मंत्री जगन्नाथ सिंह वर्मा ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को महिला की शिकायत दर्ज करने और दबाव बनाने वाले को जेल भेजने के निर्देश दिए।

मंत्री ने टीआई को संबोधित करते हुए कहा कि महिला की रिपोर्ट लिखकर कार्रवाई की जाए। हालांकि, इस दौरान महिला पुलिसकर्मी को दी कार्यक्रम स्थल से बाहर ले गई।

कार्यक्रम में मौजूद दूसरी महिलाओं ने भी शराब दुकान बंद कराने की मांग उठाई। उनका कहना था कि गांव की अधिकांश समस्याओं की जड़ शराब ही है। कुछ महिलाओं ने शिकायत की कि शराब की शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती।

जिला स्तरीय शिविर आयोजित, मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

जन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और समस्याओं के त्वरित निराकरण के अभिप्राय से दिए गिर्देश-मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को सीहोर विकासखंड के ग्राम महोड़िया में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। इसमें राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

मंत्री वर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और जनसमस्याओं का मौके पर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनें और संवेदनशीलता के साथ उनका निराकरण करें।

शिविर में कृषि, पशुपालन, उद्यान, पंचायत और सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। हितग्राहियों ने योजनाओं से जीवन में आए बदलावों के अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष गंगेश मेवाड़ा भाजपा नेता नीरज रूपणी महामंत्रीसहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रवाना करीब कलेक्टर मुकेश कुमोदिया ने किया।



निरीक्षण, बकायादारों से वसूली और बिजली चोरी पर कार्रवाई के निर्देश



डीआर संवाददाता>आष्टा

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने 30 अक्टूबर को आष्टा संभाग के जावर में आईपीडीएस टाउन वितरण केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था, तकनीकी कार्यों और वाणिज्यिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

एमडी ने एटीएंडसी हानि कम करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाने तथा बिजली चोरी और अनधिकृत विद्युत उपयोग पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं के लंबित बिलों की वसूली में तेजी लाने और सबसे अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर प्राथमिकता से कार्रवाई करने को कहा। मुनाफा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन नियमानुसार विच्छेदित करने के निर्देश भी दिए। इसमें स्टेज क्लीयर कनेक्शनों के मामले में अधिशासी अभियंता और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्रगति कार्रवाई करने को कहा। साथ ही विद्युत लाइनों के बार-बार होने वाली ट्रिपिंग रोकने के लिए प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, पेड़ों की छंटाई, जंपर एवं इन्सुलेटर की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बंद एवं खराब मीटरों को तत्काल बदलने, वास्तविक खपत के आधार पर सत्त-अवधारित सही बिलिंग करने तथा अस्थायी कनेक्शनों के लंबित बकाया की वसूली के निर्देश भी दिए गए। एमडी ने अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, राजस्व वसूली और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका ने मंडी क्षेत्र की पानी टंकी की पाइप लाइन बदलने का काम शुरू कराया

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के मंडी क्षेत्र स्थित 9 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी की मुख्य इनलेट पाइप लाइन में लीकेज के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। नगर पालिका ने इसे देखते हुए पाइप लाइन को बदलने और मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इससे पहले मंडी क्षेत्र स्थित टंकी से जलापूर्ति लगातार कम हो रही थी। नगर पालिका के सहायक यंत्री विनय कोरी के मुताबिक, जलापूर्ति को दो दिनों तक पूर्णतः बंद रखा जाएगा। इस दौरान क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पालिका ने इसके लिए 3 टैंकर की व्यवस्था की है। इसके अलावा 2 ट्रैक्टर से जलापूर्ति की जाएगी।

शहर में कई स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज

शहर के अन्य हिस्सों में भी कई जगह पाइप लाइनों में पानी का रिसाव देखा गया है। इसमें से कुछ जगहों पर पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे कई जगह में गड्ढे बन गए हैं।

धार्मिक यात्रा में डीजल खर्च बांटना व्यावसायिक उपयोग नहीं

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिनिधि आयोग सीहोर ने यह फैसला सुनाते हुए आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी को पीड़ा राशि, ब्याज और क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए। आयोग के फैसले में कंपनी को 5 लाख 7 हजार 288 रुपए जमा करने को 28 अक्टूबर को परिवादी हरिओम वर्मा को बैंक के माध्यम से प्रदान किए गए।

प्रकरण के अनुसार, हरिओम वर्मा ने ओरिएन्टल मोटर्स ग्राइंडर लिमिटेड से मेसर्स हैड मारुति सुजुकी सियाज जार खरीदी थी। इसके लिए फेडरल्डलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी से 5 लाख रुपए का ऋण लिया था। वाहन का बीमा आईसीआईसीआई लोम्बार्ड से कराया गया था। 3 जनवरी 2025 को उनके रिश्तेदार कार से सीहोर से छाटूरगांव की धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान राजलखन के मुंडी के पास कार दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त हो गई। बीमा कंपनी ने डीजल खर्च आपस में बांटने को व्यावसायिक उपयोग मानते हुए क्लेम निरस्त कर दिया था।

9 प्रतिशत ब्याज सहित मुआवजा का आदेश

परिवादी की ओर से अधिवक्ता सतीश कुशवाह ने कहा कि आयोग अब्बल रोमरो दस सूत्रे, सदस्य नीरेंद्र कनेरिया और पूजा लगूज की पीठ ने 9 सितंबर 2026 को दिए गए अपने फैसले में 4 लाख 50 हजार 400 रुपए की बीमित राशि पर 20 फरवरी 2025 से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया था। साथ ही 10 हजार रुपए वार्षिक क्षतिपूर्ति और 5 हजार रुपए वाद व्यय देने के निर्देश दिए थे।

अपर मुख्य सचिव डॉ. अनुपम राजन ने किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता>सीहोर



मुख्यमंत्री जनविकास शिविर के अंतर्गत शुक्रवार विकास सेक्टर के अपर मुख्य सचिव डॉ. अनुपम राजन ने अध्यापन्नी कलिज ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं, समस्याओं और शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समस्याओं के निराकरण एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

डॉ. राजन ने महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ से विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इस पाठ्यक्रम से आगोर इंटर्नशिप योजना पहले से तैयार कर लेना प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्राचार्यगण को आवश्यकता को देखते हुए पीजीसी संजाल पर विभिन्न रोजगार के मार्गदर्शन से संचालन को संचालन पर भी चर्चा की। उन्होंने बहुविषयक शिक्षा के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण का लाभ दिलाने को कहा गया।

उन्होंने निजी महाविद्यालयों की छात्रवृत्ति एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपस्थिति के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, तहसीलदार सीहोर तथा महाविद्यालय के प्रध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खाद के ई-टोकन के लिए किसानों को मिलेंगे 10 विकल्प

डीआर संवाददाता>सीहोर

खाद के ई-टोकन बुक करने में अब फार्मर आईडी नहीं होने या उसमें जो रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं होने से किसानों को परेशानी नहीं होगी। ई-टोकन प्रणाली पोर्टल पर ऐसे किसानों के लिए 10 विशेष विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। इनके माध्यम से जनाधिकार पहचानी, राजस्व पट्टाधारी, सिलमी-बटाई पर खेती करने वाले किसानों सहित अन्य सात श्रेणियों के किसान खाद के लिए ई-टोकन बुक कर सकेंगे। आयोजन पर संस्थापन संबंधित केंद्र के एसडीएम या तहसीलदार करेंगे। पात्रता की पुष्टि होने के बाद सुविधा दी सुविधा मिलेगी।

नई व्यवस्था में मृत किसानों के वारिसों, पार्थिव द्वारा जो कृषि भूमि पर खेती करने वाले किसानों और फार्मर आईडी नहीं रखने वालों के लिए भी अलग विकल्प दिए गए हैं। प्लेटफॉर्म उपयोग करने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे जमीन के रिकॉर्ड या तकनीकी कारणों से सामान्य प्रक्रिया के तहत टोकन नहीं बनवा पाने वाले किसानों को राहत मिलेगी।

जिले में 43 हजार टन से अधिक खाद उपलब्ध

जिले में कुल 133 लाख मीट्रिक टन यूरिया की मांग के मुकाबले 136 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। डीएपी की मांग 60 हजार मीट्रिक टन के मुकाबले 68 हजार 30 मीट्रिक टन और सीएपी की 18 हजार 101 मीट्रिक टन मांग के मुकाबले 23 हजार 666 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जिले में कुल 43 हजार 740 मीट्रिक टन खाद का वर्तमान शेष है। इसमें 22 हजार 385 टन सहकारी समितियों और 21 हजार 347 टन निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।

शुरुआत आष्टा के 227 गांवों के खेतों तक पहुंचेगा नर्मदा का पानी, खाचरौद में सिंचाई परियोजना की शुरुआत

75 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा पानी, 3500 पेटियों के माध्यम से किसानों को दिए जाएंगे सिंचाई कनेक्शन

डीआर संवाददाता>आष्टा





विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई को लेकर बड़ी पहल की गई है। शुक्रवार को खाचरौद गांव में नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने की शुरुआत हुई। इस परियोजना से आष्टा क्षेत्र के 227 गांवों की करीब 75 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि परियोजना को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में मंजूरी मिली थी और उस समय इसका भूमिपूजन किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अब इसका काम आगे बढ़ा है। जल्द ही मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में करीब 3500 पेटिया स्थापित की गई हैं। प्रत्येक पेटी से लगभग छह कनेक्शन दिए गए हैं। यह व्यवस्था सोलर सिस्टम से संचालित होगी, जिससे बिजली पर निर्भरता नहीं रहेगी। एक कनेक्शन से करीब 50 एकड़ खेत में सिंचाई की जा सकेगी।

विधायक के अनुसार, जावर क्षेत्र के 98 गांवों में 9 नवंबर से नर्मदा-कालीसिंध योजना का पानी छोड़ा जाएगा। सिंचाई सुविधा मिलने से किसानों को रबी फसलें लेने का अवसर मिलेगा। इससे कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ने के साथ स्थानीय व्यापार को भी लाभ मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह इंजीनियर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना



डीआर संवाददाता>श्यामपुर

क्षेत्र में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। रात में चांदनी के दर्शन पश्चात के दर्शन करीब 10:45 बजे हुए। इसके बाद महिलाओं ने पतनी में दीपक रखकर पहले चंद्रमा और फिर पति का चेहरा देखा। आपसी तालमेल, पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने गणेश जी, लक्ष्मण सिंह और माता पार्वती की पूजा कर आशीर्वाद लिया। चंद्र दर्शन के बाद जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक कृष्ण पक्ष-05, 2083 विदिशा,शुक्रवार,दिनांक,30 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

छात्रों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

विदिशा। संत शिरोमणि रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में जिला पंचायती राजव्यवस्था अंतर्गत योजना-नुसार सरस्वती शिशु मंदिर अंदरसिंघा में सामाजिक समरसता सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अक्षय बख्शकार ने कहा कि समरसता सिर्फ भाषण से नहीं, बल्कि उसके गुण, कर्म और आचरण से होना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए निबंधन, चित्र और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

ग्राम विकास के लिए समितियों को प्रशिक्षण

गन्धावाद। जल अभियान परियोजना मंडलेश्वर में गन्धावाद के गन्धर्वदर्शन में आमखेड़ा कलस्टर विकास समिति एवं वृक्ष परिसर में समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण हुआ। मध्य विकास निगम के उपाध्यक्ष राम मोहन सिंह बघेल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रशिक्षण में ग्रामसभा योजनाओं के प्रसार-प्रसार, सामाजिक जागरूकता, आपसी सामंजस्य और ग्राम विकास में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केंद्र प्रस्तावित

विदिशा। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा सत्र 2026-27 के लिए जिले में 75 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें 66 केंद्र नियमित और 7 स्वायत्ती परीक्षार्थियों के लिए हैं, जबकि दो नवीन केंद्र भी प्रस्तावित हैं। जिला शिक्षाधिकारी के अनुसार प्रस्तावित केंद्रों पर तीन दिवस में दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं ली गई हैं।

किसान के परिजनों को 4 लाख की सहायता

विदिशा। ग्राम सुखमन खेड़ा में विद्युत दुर्घटना में मृत युवा किसान सुरेन्द्र प्रजापति के परिजनों को शासन के निर्देशानुसार 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। 25 वर्षीय सुरेन्द्र पिता रमेश प्रजापति की 16 अक्टूबर को हादसे में मौत हो गई थी। बिजली कंपनी ने प्रवरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 अक्टूबर को सहायता राशि स्वीकृत की। इसके बाद गुरुवार को कुरवाई विधायक हरिसिंह राय ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि का चेक सौंपा।

चक्रवात का असर बारिश

सिरोंज। गुरुवार को सुबह का मौसम पूरी तरह बदला दिखा। सुबह-सुबह हल्की ठंड, दोपहर में हल्की गर्मी का दौर रहा। दुरुवार को दिनभर ठंड का एहसास बना रहा।

स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाल व्यवस्था पर कलेक्टर सख्त, फार्मासिस्ट का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

स्वास्थ्य कर्मचारी को नोटिस, स्कूल में शिक्षक नहीं मिलने पर शिक्षिका को भी थमाए नोटिस

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ-दवाओं और जल वितरण व्यवस्था में लापरवाही सामने आई। वहीं, गर्भवती महिलाओं के निर्धारित फॉलोअप और स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज तैयार करने में भी कमियां मिलीं। अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सबसे पहले करियाखेड़ा बस्ती और मंडलगिरि स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। करियाखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में सर्दी मरीजों के बिस्तरों पर गंदी चादरें मिलीं। इस दिशा में दवाएं भी अव्यवस्थित तरीके से रखी हुई थीं। यह स्थिति देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और जानकारी लेकर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं का निर्धारित फॉलोअप नहीं किए जाने और उनकी जांच आईडी नहीं बनाए जाने की जानकारी भी सामने आई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित लापरवाही को स्वास्थ्य भ्रांतियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संजीवनी क्लीनिकों में मरीजों से लिया फीडबैक

कलेक्टर ने टीलाखेड़ी और पावरगंज गेट स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर दवा वितरण, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और संचालन संबंधी जानकारी ली। विकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि संजीवनी क्लीनिक नागरिकों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए वहां आने वाले प्रत्येक मरीज की गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवा मिलना चाहिए।

स्कूल में शिक्षक नहीं मिले, शिक्षिका के घर पहुंचे कलेक्टर

स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने शिक्षक कॉलोनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का भी औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में बच्चे गोकुल थे, लेकिन कोई शिक्षक उपस्थित नहीं मिला। बच्चों ने बताया कि शिक्षिका मीना चौहान पिछले एक से दो दिनों से स्कूल नहीं आ रही हैं। इस पर कलेक्टर स्वयं पैदल शिक्षिका के घर पहुंच गए।

विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर और संबंधित शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष सुमन और तीहरकलां की रामप्रिया कुशवाह सहित अन्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। कलेक्टर के इन निर्देशों से स्पष्ट संकेत मिले हैं कि आने वाले दिनों में लापरवाह और गैरहाजिर कर्मी के अस्पतालों तथा स्कूलों में भी औचक जांच की जा सकती है। लापरवाही मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान महिला का तत्काल बनवाया आयुष्मान कार्ड

जरेखोड़ा बस्ती के स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर की मुलाकात शारदाबाई लोधी से हुई। बातचीत में पता चला कि उनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल मौजूद स्टाफ को, मुनीर खोसी को कार्ड बनाने के निर्देश दिए। महिला मिलते ही आयुष्मान कार्ड तैयार कर चालाई का भी दिया गया।

सिरोंज-बीना हाईवे पर सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत, एक युवक घायल

ब्रेकर के पास आगे चल रहे वाहन से टकराई बाइक, एक सप्ताह में सड़क हादसों में सात लोगों की गई जान



डीआर संवाददाता ✉ सिरोंज।

सिरोंज-बीना हाईवे पर गुरुवार दोपहर ईशान इंटरनेशनल स्कूल के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रहा वाहन ब्रेकर के कारण धीमा हुआ और पीछे से आ रही बाइक उससे टकराकर सड़क पर गिर गई।

जानकारी के अनुसार राम अहमदाबाद खिलौनी निवासी कुलेश कठेरिया और ओम दयाल गुरुदार को उपचार देखने गंडी आए थे। इलाके बाद दोनों कुलवाई रोड स्थित अपने गन्ना के गांव बनखेड़ा पहुंचे। दोपहर करीब 1:30 बजे तीनों बाइक से सिरोंज लौट रहे थे। बाइक कुलेश चला रहा था, बीच में गन्ना कल्याण सिंह उर्फ कल्लू अहिरवार और पीछे ओम दयाल बैठा था।

ईशान इंटरनेशनल स्कूल के पास ब्रेकर आने पर आगे चल रहे वाहन धीमा हुआ और बाइक उससे टकराकर गिर गई। सूचना पर पहुंची डायल-112 ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कुलेश (35) और कल्याण सिंह (50) को मृत घोषित कर दिया। घायल ओम पर उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

एक सप्ताह में सातवीं मौत

सिरोंज क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस के अनुसार हादसे में बाइक किस वाहन से टकराई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

सिरोंज में आज चार घंटे बिजली कटौती, दो फीडरों पर होगा मेंटेनेंस कार्य

डीआर संवाददाता ✉ सिरोंज



बिजली कंपनी द्वारा 30 अक्टूबर को 11 केवी लाइन के मेंटेनेंस कार्य के चलते शहर के दो फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में चार घंटे बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। कंपनी के वितरण कार्यालय के अनुसार बिजली कटौती सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी। इस दौरान घास फाटक कीकर और कासड़ ओवरहेड फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते किरी, कटरा, कसाई बाजार, छतरी चौराहा, बागेश्वर रोड, सिकंदरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी ने कहा कि मेंटेनेंस कार्य की स्थिति और आवश्यकता के अनुसार कटौती का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

डिग्रिकाएं आपस में करतीं थी विवाद, एक निलंबित

विदिशा। जिला मुख्यालय पर शासकीय प्राथमिक शाला टीलाखेड़ी में पदस्थ दो शिक्षिकाओं के आपस में विवाद करती थी, लगातार शिकायतों के चलते जिला शिक्षाधिकारी एन्जेल अहिरवार ने प्रभारीमंत्र शिक्षिका शशि वर्मा को निलंबित कर खारपुर बीईओ कार्यालय गेज दिया है।

आदेश में शिक्षिका शशि शर्मा और मंजू चूर्णदेवी के आपस में विवाद्यक में विवाद के बारे का उल्लेख किया गया है।

नशीले पदार्थों की उपलब्धता से युवक की मौत के मामले में तीन गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

बिना पर्चे दवाइयां बेचने की पुष्टि, कोतवाली पुलिस ने 230 एमएल एविल इंजेक्शन किए जब्त

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

नशीले पदार्थों की उपलब्धता से युवक की मौत के मामले में विदिशा की कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान 230 एमएल एविल इंजेक्शन जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 25 सितंबर को अद्वानंद पथ निवासी 26 वर्षीय आदर्श मालवीय की आकस्मिक मृत्यु के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी। जांच में नशीले पदार्थों की उपलब्धता और उन्हें उपलब्ध कराने वाले लोगों की भूमिका सामने आई। घोषणा के दो मेडिकल स्टोर से बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयां बेचे जाने की पुष्टि हुई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ओपीडी निरीक्षक की जानकारी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 29 अक्टूबर को रवताज अहमद (29), सोहेल (30) और साजिद (35), तीनों निवासी भोपाल, को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और आपूर्ति में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

विधायक ने किया भ्रमण, नागरिकों की समस्याएं सुनीं

विदिशा। गुरुवार को सुबह विदिशा विधायक सुलेख टंडन ने वार्ड क्रमांक 2 का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया तथा वार्ड में व्याप्त विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से विधायक को अवगत कराया।

मंडी में बारिश से 7 हजार क्विंटल धान भीगी, व्यापारियों को 14 लाख रुपए से अधिक नुकसान की आशंका

गुरुवार को हुई बारिश से व्यापारियों को नुकसान, किसानों को होगा अर्थिक फायदा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



कृषि उपज मंडी में गुरुवार को हुई बारिश से व्यापारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। मंडी सचिव ने सुबह में स्थी रूपताल को मंडी में 28,660 क्विंटल धान की आवक हुई थी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लिफ्टिंग समय में तीलाशी हुई। इसके बाद बारिश शुरू हो गई, जो शाम तक रुक-रुककर होती रही। खुले परिसर में तुलाई और रखरखाव के दौरान कई जगह में धान बारिश की चपेट में आ गई। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। वहीं के प्रभारी सचिव साहू के मुताबिक आकलित आवक के बीच खुले में सुखाई होने से उपेक्षाकृत कम नमी वाली धान की खरीदी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मंडी में 28,660 क्विंटल धान की आवक हुई थी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लिफ्टिंग समय में तीलाशी हुई। इसके बाद बारिश शुरू हो गई, जो शाम तक रुक-रुककर होती रही। खुले परिसर में तुलाई और रखरखाव के दौरान कई जगह धान बारिश की चपेट में आ गई। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। वहीं के प्रभारी सचिव साहू के मुताबिक आकलित आवक के बीच खुले में सुखाई होने से उपेक्षाकृत कम नमी वाली धान की खरीदी की जाएगी।

दो दिन और बारिश की संभावना

भोपाल मौसम केंद्र के अनुसार शनि और रविवार को अलग-अलग जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं कृषि उपसंचालक रविंद्र जैन ने बताया कि जिले में गन्ना और सोयाबीन की कई बोलेरो किसान मौसम जिले से चुराई गई थी।

पुलिस के अनुसार, रामप्रसाद निवासी अलिहा शर्मा ने 17 अक्टूबर को थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया।

कृषि उपकरण चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 14 लाख का माल बरामद

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



सितंबर 2026 को अलगी दुकान खुली एसी सेल्स से कृषि उपकरण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक शर्मा (27), निवासी सिरोंज और जितेंद्र कुशवाहा (32), निवासी गोपाल डेरा में हुई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। माल की एक सता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे विदिशा के अलावा अन्य जिलों में भी चोरी की वारदातों में शामिल रहे हैं या नहीं।

कॉम्बिंग गश्त

पुलिस का मेगा नाइटकॉम्बिंग ऑपरेशन, 718 ठिकानों पर दी दबिश

350 से अधिक पुलिसकर्मियों ने संभाला मोर्चा, 294 वारंटों का किया निष्पादन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने 28 और 29 अक्टूबर की रात मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। अभियान में 350 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस टीमों ने जिलेभर में एक साथ कार्रवाई करते हुए 718 ठिकानों पर दबिश दी और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की।

एसपी रोहित काशवानी के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पांच एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी भी मैदान में मौजूद रहे। पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ के साथ गुंडा-बदमाशों और संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान कुल 294 वारंटी तामिलकार किया गया। इनमें 40 उपायी वारंट, 107 गिरफ्तारी वारंट और 147 जमानती वारंट शामिल हैं।

अभियान के दौरान छह जिलाबदर आरोपियों और 116 हिस्ट्रीशीटरों की जांच की गई। इसके अलावा 195 गुंडा-बदमाशों से ठिकानों पर पुलिस टीमों ने पूछिश दी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 44 सेक्टर-झोनों और 12 सेक्टर की भी जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की।

अवैध शराब के 12 मामलों में 12 आरोपी गिरफ्तार

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने 12 प्रकरण दर्ज कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 43.88 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 72,560 रुपए बताई गई है।

एसपी रोहित काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अवैध गतिविधि या अपराध से संबंधित जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान अमन-चैन बनाए रखने के लिए ऐसे आगामी अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

पटाखा व्यापारियों ने जल्द लाइसेंस जारी करने की मांग उठाई, बोले- दुकानें बनाएं या माल लेने जाएं

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा।



दीपावली से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी पटाखा बाजार लगाने वाले व्यापारियों ने लाइसेंस जारी करने और दुकान आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है। इस संबंध में व्यापारियों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर 2 नवंबर से पहले प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की।

व्यापारियों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा पटाखा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाते हैं, जबकि नगर पालिका की ओर से दुकानों के लिए स्थान आवंटित किया जाता है। दोनों प्रक्रियाओं में देरी होने से व्यापारियों के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है।

व्यापारियों के मुताबिक, दुकानें तैयार करने और उन्हें व्यवस्थित करने में दो से तीन दिन का समय लगता है। इसके अलावा पटाखों का स्टॉक लाने और बिक्री की तैयारी करने में भी समय चाहिए। यदि अंतिम समय पर लाइसेंस और दुकान आवंटन की प्रक्रिया पूरी होती है, तो त्योहार के दौरान व्यापार के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि लाइसेंस जारी करने और दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया समय रहते पूरी की जाए, ताकि वे दुकानें तैयार कर सकें और दीपावली से पहले ग्राहकों को पटाखे उपलब्ध करा सकें।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | कार्तिक कृष्ण पक्ष-05, 2083 | राजगढ़, दिन शुक्रवार, दिनांक 30 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

31 एकता दिवस पर एकता दौड़ एवं अन्य आयोजन होगा

राजगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 को एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन, पुलिस और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 5 किमी की एकता दौड़ आयोजित करने की तैयारी है। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

दुकानों की जांच के आदेश

राजगढ़। खाद्य वितरण व्यवस्था और मिलावटी में लापरवाही पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार सिंघा ने ब्यावर और जीरापुर के एसडीओ को सख्त कार्रवाई नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, जिले की 12 निजी खाद दुकानों की जांच की जिम्मेदारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जी मुख्य कार्यपालन अधिकारी और उपयुक्त सहकारिता को सौंपी है। कलेक्टर ने सहायक समितियों, निजी खाद दुकानों और महिलाओं ने दावों को रोकर कालाबाजारी रोकने पर आपत्ति जताई। पूर्व सरपंच जगदीश खान, रमीर खान, सादिक खान और मोहम्मद सादिक सहित अन्य ग्रामीणों ने निर्धारित दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने होगी।

गोघटपुर के पास बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर, युवक की मौतय साथी गंभीर

बाघलपुर। गोघटपुर के पास बुधवार रात सड़क हादसे में 23 वर्षीय कुलदीपाल सिंह चौहान उर्फ चिंटू बन्ना की मौत हो गई, जबकि उसका साथी रोहित सरौंदर (22) गंभीर घायल हो गया। दोनों रात करीब 10:30 बजे बाइक से बाघलपुर से गोघटपुर जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक आगे चल रही अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गई। दोनों को झालावाड़ ले जाया गया, जहां सस्ते में कुलदीपाल ने दम तोड़ दिया। रोहित का उपचार जारी है। कुलदीपाल अपने पिता का इकलौता बेटा था। दुरुवार सुबह उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई।

आत्मा योजना में उत्कृष्ट किसानों को मिलेगा 25 हजार रुपए तक का पुरस्कार

राजगढ़। आत्मा योजना के तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर उत्कृष्ट 10 किसानों को 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। वहीं, विकासखंड स्तर पर पांच-पांच किसानों को 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे। योजना का उद्देश्य खेती और उससे जुड़े क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करना तथा कृषि में नवाचार और नई तकनीक को बढ़ावा देना है।

राजबाला विजयवर्गीय का निधन, दी श्रद्धांजलि

पचोर। वरिष्ठ नागरिक राजबाला विजयवर्गीय का मंगलवार शाम निधन हो गया। बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान आयोजित शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत की श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वे स्व. शंकरलाल विजयवर्गीय की पुत्रवधू तथा सुरेंद्रनाथ विजयवर्गीय की धर्मपत्नी थीं।

64 लाख के एमआरएफ सेंटर पर विवाद, ग्रामीणों ने रुकवाया निर्माणय कचरा वाहन भी रोके

चांदबड़ली में ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में उतरे ग्रामीण, मवेशियों, पेयजल प्रदूषण और धुएं से परेशानी का आरोपय पूर्व विधायक पहुंचे मौके पर

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर।

नगर परिषद द्वारा शहर के कचरे के निस्तारण के लिए ग्राम चांदबड़ली में कचरा आधारित रिसोर्स रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर को लेकर विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार सुबह कचरा डालने पहुंचे नगर परिषद के वाहनों को ग्रामीणों ने रोक दिया। लगभग 64 लाख रुपए की लागत से बन रहे सेंटर का निर्माण कार्य भी रुकवा दिया। ग्रामीणों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड से फैलने वाली गंदगी, मवेशियों और पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका को लेकर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 7 बजे नगर परिषद की रनी 15 गाड़ी के नीता और सूखा कचरा लेकर वाहन चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे थे। यहां ग्रामीणों और महिलाओं ने वाहनों को रोककर कचरा डालने पर आपत्ति जताई। पूर्व सरपंच जगदीश खान, रमीर खान, सादिक खान और मोहम्मद सादिक सहित अन्य ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर भी विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड आबादी के नजदीक होने से मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है। कचरा जलने से निकलने वाला धुआं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इसके अलावा आसपास के पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से पानी की जांच कराने और रुमाल्य का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

सूचना मिलने पर पूर्व विधायक पहुंचे, प्रशासन ने जांच का भरोसा दिया

सूचना मिलने पर पूर्व विधायक चिरंजीव भदौरिया, बागि कांग्रेस मण्डल सुर्खाब मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शब्बीर खान और पार्षद प्रतिनिधि लखन चौहान सहित अन्य नेता मौके पर पहुंचे। पूर्व विधायक ने पेयजल स्रोतों की जांच कराने और प्रदूषण रोकी शिकायतों का समाधान करने की मांग उठाई। प्रशासन ने कुरावर के मौके का निरीक्षण कर स्थायी समाधान तलाशने का आश्वासन दिया।

विधायक बोले- एमआरएफ सेंटर से होगा वैज्ञानिक निस्तारण

विधायक मोहन डावर ने कहा कि शहर के कचरे के संकलन और निस्तारण की रुमाल्य दूर करने के लिए एमआरएफ सेंटर बनाया गया था। यहां कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर खाद बनाने की व्यवस्था होगी। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान अधिकारियों के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है।

तीन साल पहले आवंटित हुई थी जमीन

जानकारी के अनुसार दो से तीन वर्ष पहले ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए जमीन आवंटित की गई थी। पहले बारला पीपल्या मार्ग पर मुल्याबाल के पास और असुविधा होने से अस्थायी रूप से कचरा डाला जाता था। शिकायतों के बाद राजस्व विभाग ने नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत निपनिया के चांदबड़ली में सरकारी भूमि आवंटित की थी। तहसीलदार सिंह चौहान ने कहा कि एमआरएफ सेंटर का निर्माण निर्धारित सरकारी मापदण्डों के अनुसार कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

खिलचीपुर में तीन दुकानों पर पुलिस की दबिश, 48 प्रतिबंधित पोटाश गन जब्त



डीआर संवाददाता ✍ खानगढ़।

दीपावली से पहले प्रतिबंधित पोटाश गन की बिक्री और निर्माण के खिलाफ खिलचीपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। कुवार को थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोरिंग और हार्डवेयर की तीन दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान लोहे के बाड़ण से बनाई गई 48 पोटाश गन और कटर मशीन जब्त की गई। पुलिस संबंधित दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

प्रशासन ने दीपावली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले में कार्बाइड गन, पोटाश गन और प्रतिबंधित आतिशबाजी की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर रोक लगाई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार सिंघा ने संयुक्त नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया है।

धमाके से चोट लगने का खतरा

पुलिस के अनुसार, पोटाश गन लोहे के पाइप या लकड़ी से तैयार की जाती हैं। इनमें पोटाश का मिश्रण सामान्य लोहे के साचिये से चोट की जाती है, जिससे तेज धमाका होता है। इनके इस्तेमाल से दुर्घटना और शारीरिक चोट लगने का खतरा बना रहता है।

थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोत ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित गन बनाने, बेचने और उनका भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कालीसिंध घाट की स्वच्छता में जुटा संकल्प सेवा परिवार, दीपावली तक चलेगा श्रमदान

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़



सारंगपुर। श्री कालीसिंध घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए संकल्प सेवा परिवार (एसएसपी) का अखंड स्वच्छता अभियान जनभागीदारी की मिसाल बन रहा है। अभियान को एक सप्ताह पूरा हो चुका है। परिवार के सदस्य प्रतिदिन सुबह 6 बजे घाट पर पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं। इस पहल को प्रोत्साहित करने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पलीवाल घाट पहुंचे और रेंचाकर्मियों का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान पार्षद राकेश पुरुषद, नहरवान समिति के संचालक मनीष सोनी और नगर पालिका के सफाई इंस्पेक्टर रतीश कठारे भी मौजूद रहे। न्यायश्री ने सदस्यों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की सराहना की और उन्होंने से इस पहल को लंबी रखने के लिए उनका आभार जताया।

संकल्प सेवा परिवार ने दीपावली तक अभियान निरंतर चलाने का संकल्प लिया है। अभियान का उद्देश्य घाट की रनाई के साथ नागरिकों में सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।

मकानों में करंट फैलने से महिला को लगा करंट, घरों के उपकरण जले

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर के छापीहेड़ा रोड पर मंगलवार को 33 केवी बिजली लाइन में फॉल्ट होने से लोहार्पर घमकने के साथ जमीन पर आग के गोले गिरे। घटना के दौरान घर के बाहर गेट पकड़े खड़ी रेखा गुप्ता को करंट का झटका लगा। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे।

वहीं, फॉल्ट के कारण आसपास के चार घरों में बिजली के उपकरण और वायरिंग जल गई। घरों के बाहर लगे बिजली मीटर भी उपकरण नीचे गिर गए। पास की एक स्क्रैप फैक्ट्री में लगे बिजली बोर्ड और उपकरण भी खराब हो गए। घटना के बाद इलाके में बिजली गुल हो गई। मंगलवार रात करीब 8:30 बजे तक कई घरों में बिजली सप्लाई बहाल नहीं हुई थी। रहवासियों ने बिजली कर्मचारियों को बुलाकर सुधार कार्य कराया।

गेट पकड़े खड़ी थी महिला, अचानक लगा करंट

रेखा गुप्ता ने बताया कि घेराव से वह घर के बाहर गेट पकड़कर खड़ी थी। तभी बिजली के खंभे से तेज धमाके के साथ करंट उनके शरीर में फैल गया। गेट पकड़े होने से झटका उन्हें भी लगा और वह अचेत हो गईं। तब जोर से चिल्लाई तो परिवार और आसपास के लोग दौड़कर आए। अचानक घर की लाइट बंद हो गई।

विकसित भारत युवा संसद 2026-27, राजगढ़ जिले में पंजीकरण शुरू

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

राजगढ़। ग्रामीण आबादी की जानकारी का महत्वपूर्ण हक देने के लिए बनाए जा रहे स्वतंत्रता रजिस्ट्री अभियान में राजगढ़ जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 41,040 रजिस्ट्रियां पूरी की जा चुकी हैं। हालांकि, निर्धारित लक्ष्य की तुलना में यह उपलब्धि करीब 23 प्रतिशत ही है। शेष लक्ष्य हासिल करना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

अभियान के तहत जिले में कुल 1,80,458 रजिस्ट्रियां करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 6,290 रजिस्ट्रियां तहसीलदारों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। ऐसे में मैदानी स्तर पर सर्वे और दस्तावेज तैयार करने के साथ ऑनेन मंजूरी की प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

छह सप्ताह में 25 प्रतिशत ही हुआ काम

जिले के छह उप तहसीलों में प्रदेश में सर्वाधिक रजिस्ट्रियां करने वाले डीपी 20 गोलियारिये ने उत्तर लगाई है। प्रशासन का कहना है कि अभियान में अभी कई तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याएं सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए अधिकारियों के बीच समन्वय बैठकें की जा रही हैं। इसके लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी भी बनाया गया है, लेकिन रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी का सरलता से नहीं हो रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों के विवाद, अधूरे दस्तावेज और सीमांकन संबंधी दिक्कतों के कारण कई मामलों में रजिस्ट्री आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके अलावा कई ग्रामीण अभी भी इस योजना से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने अब जागरूकता अभियान तेज करने का निर्णय लिया है।

जीरापुर में बिगड़ी यातायात व्यवस्था, जाम से राहगीर और व्यापारी परेशान

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर



नगर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था के कारण आमजन, राहगीरों और दुकान संचालकों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके मुख्य जिम्मेदार प्रशासन की ओर से व्यवस्था सुधारने के लिए तीन सदस्य नहीं पाया जा रहे हैं। किसानों की मुख्य मंडी में पहुंचने के कारण इन दिनों ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। सोमवार को लगे साप्ताहिक हाट के दौरान भी हालात बेकाबू नजर आए।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे मंडी गेट से 20 से 30 मिनट तक जाम लगा रहा। इस दौरान वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हुई। वहीं, इंदौर चौराहे से अस्पताल परिसर तक दुकानों के बाहर अव्यवस्थित तरीके से खड़े दुपहिया वाहनों के कारण सड़क पर जगह कम हो जाती है। इससे चारदीवारी वाहन चालकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

दिवाली पर बढ़ सकती है परेशानी

त्योहार नजदीक होने से बाजार में खरीदारी की आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। ऐसे में पहले से बिगड़ी यातायात व्यवस्था के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है। व्यापारियों को भी माल लाने-ले जाने और ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने की चिंता सता रही है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मंडी मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों की आवाजाही व्यवस्थित तरह बनाने, प्रमुख मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग रोकने और इंदर चौराहे से अस्पताल परिसर तक यातायात सुधार करने की मांग की है। समय रहते सुधार नहीं हुआ तो दीपावली के दौरान परेशानी बढ़ सकती है।

मौसम | चक्रवात अर्नब का असररू राजगढ़ में दो दिन से मौसम में बदलाव, आज भी बारिश

बादलों और नम हवाओं से दिन के तापमान में गिरावट, मंगलवार के मुकाबले न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री बढ़ा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब का असर मंगलवार को राजगढ़ जिले में भी दिखाई दे रहा है। पिछले दो दिनों से जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आसमान पे बादल छाने, तेज हवाएं चलने और कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को भी जिले के कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई है।

बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। देर रात और अलसुबह जिले के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। गुरुवार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक धूप निकली, लेकिन दोपहर बाद फिर बादलों ने आसमान को घेर लिया। करीब एक घंटे तक बारिश जैसे हालात बने रहे। दोपहर करीब 1 बजे तेज हवार चलने से धूल भरी आंधी जैसी स्थिति बनी। शाम तक बादलों के बीच हल्की सर्द धूप खिरी रही।

दिन का तापमान गिरा, रात का पारा चढ़ा

मौसम में बदलाव का असर तापमान पर भी पड़ा है। अक्टूबर के दौरान खतरह से सुबह और रात में सर्दी बढ़ने लगी थी। दफरहे के बाद रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी, जबकि दिन का तापमान करीब 33 डिग्री बना हुआ था। पिछले तीन दिनों में दिन के तापमान में गिरावट आई है। यही नगरवार की तुलना में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री बढ़ गया।

राज्य मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, राजगढ़ से लगा से मालवांचल के आसपास बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण मौसम में यह बदलाव आया है।

दो दिन बारिश और तेज हवाओं का अनुमान

मौसम केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक डॉ. अकरर शर्मा के अनुसार शुक्रवार को पश्चिमी मध्यप्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, बादल छाने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना है। शनिवार को भी मौसम का ऐसा ही मिजाज रह सकता है। राजगढ़ के अलावा धार, आहोबानगर, शाजापुर, सीहोर, विदिशा और राजगढ़ में भी मौसम प्रभावित होने का अनुमान है।

बिजली चमकने पर करतें सावधानी

मौसम विभाग ने आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। बिजली चमकने के दौरान घर के अंदर रहें। पेड़ों के नीचे आश्रय न लें और बिजली के उपकरणों से दूरी बनाए रखें। पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर रखें।

दोपहर से निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर की ओर बढ़ने के साथ मौसम शुष्क होने की संभावना है। इसके बाद दिन और विशेषकर रात के तापमान में गिरावट आ सकती है। यानी दो दिन के बचते मौसम के बाद रात की सर्दी फिर लौटने के आसार हैं।

बादलों के बीच चांद का इंतजार, दर्शन कर सुहागिनों ने खोला करवा चौथ का



डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

जिले में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ दिनभर निर्जल व्रत रखा। शाम को सोलह शृंगार कर चौथ माता की पूजा-अर्चना की और व्रत कथा सुनी।

रात में महिलाओं को चांद के दर्शन का इंतजार रहा। करीब 8:45 बजे चांद दिखाई दिया तो महिलाएं छतों पर पहुंचीं और आंचे देकर पूजा की। हालांकि, करीब 20 मिनट बाद चांद फिर बादलों में छिप गया। दर्शन कर चुकी महिलाओं ने छलनी से पहले चांद और फिर पति का चेहरा देखा। इसके बाद आरती उतारी। पतियों ने अपने हाथों से पानी पिलाकर अपनी व्रत खुलवाया।